बाइक में आग लगने से पांच लोग झुलसे


मोतीपुर (आससे)। मोतीपुर, राजेपुर ओ पी क्षेत्र के फुलवरिया चौक पर बुधवार के दिन एक बाइक में आग लग जाने से पांच लोग झुलसकर जख्मी हो गए। घायलों में बरूराज थाना क्षेत्र के बिरहिमा निवासी गया साह, राजेपुर ओ पी क्षेत्र के परसौनी नाथ निवासी असरफ हुसैन, नूर मोहमद, जियाउल हक और फुलवरिया निवासी अफरोज शामिल है। इन घटना में एक बाइक भी धुं धुं कर जल गई। जली हुई बाइक गया साह की बताई गई हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए भागने लगे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से जख्मी गया साह और जियाउल हक,अफरोज आलम को चिकित्सा के लिए मोतीपुर सी एक सी में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद गया साह और जियाउल हक को बेहतर चिकित्सा के लिए एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया। शेष घायलों की चिकित्सा स्थानीय स्तर पर कराई जा रही है। स्थानीय लोगों के काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना के सम्बंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बिरहिमा निवासी गया साह गैलन में पेट्रोल लेकर बाइक से फुलवरिया चौक पहुंचे। वे मोहमद अशरफ के मांस दुकान पर बाइक खड़ी कर दी और उसपर पेट्रोल से भरा गैलन रखकर मटन खरीदने गए थे। तभी गैलन के गिरते ही गैलन से पेट्रोल बिखर गया और आस पास खड़े लोगों पर भी पड़ी। बाइक में अचानक आग लग गई जहां तक पेट्रोल फैला था आग ने सभी को अपनी चपेट में ले लिया। पेट्रोल के गैलन में विस्फोट होने से आग और भड़क गया। आग ने गया साह, जियाउलहक, मोहमद असरफ, नूर महमद और अफरोज को भी अपने चपेट में ले लिया। काफी मशक्कत के बाद लोगों ने आग से झुलस रहे लोगों को बचाया। मोहमद अफरोज, नूर महमद और असरफ को चिकित्सा के लिए उसके परिजन स्थानीय क्लिनिक ले गए। वहीं गया साह और जियाउल हक को राजेपुर पुलिस अपने साथ ले गई और इलाज के लिए मोतीपुर सी एच सी में भर्ती कराया जहां से दोनों को रेफर कर दिया गया। ओपी अध्यक्ष रविकांत ने बताया कि जख्मी लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। जले हुए बाइक को पुलिस ने जब्त कर लिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

राहुल के अपहरण की आशंका, परिजनों ने आधा दर्जन ग्रामीणों को बनाया आरोपी

सरैया (आससे)। पारु थाना क्षेत्र के मोहजमा गांव निवासी संजू देवी पति राजकुमार महतो के पुत्र राहुल कुमार के अपहरण कर लेने का मामला प्रकाश में आया है।मामले को लेकर अपहृत के माता संजू देवी ने अपने गांव के दिलीप दुबे , जितेंद्र दुबे, अनिता देवी,अभिमन्यु उर्फ गोलू पांडेय,रामदास पाण्डेय , आलोक कुमार दुबे को आरोपी बनाते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।दर्ज प्राथमिकी में कहा गया हैं कि मेरा पुत्र राहुल एवं दिलीप दुबे की पुत्री दोनों आपस मे प्रेम विवाह कर लिया था . और कथैया थाना क्षेत्र में रह रहा था,जिसको कथैया थाने की पुलिस ने बरामद कर लड़की के जीजा जी के हवाले लड़की कर दिया था,इसी बीच लड़का अचानक गायब हो गया,मैं काफी खोजबीन की तो पता चला कि मेरे बेटों को सभी आरोपियों ने मिलकर अपहरण कर लिया है।

आवेदन में यह भी कहा गया हैं कि मेरे बेटे का मोबाइल लोकेशन गोहाटी दिलीप दुबे के घर का बता रहा है.इस मामले में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही हैं ।

कटरा चोरी कांड में चोरी की हंसुली के साथ आरोपी गिरफ्तार



मुजफ्फरपुर। कटरा के जजुआर ओ0पी0 अंतर्गत ग्राम धौबोली ग्राम में एक घर में सोने-चांदी के आभूषणों सहित बर्तनों की चोरी का मामला प्रकाश में आया था।

इस संदर्भ में पिड़िता द्वारा बताया गया कि वह बीते 05 मई 2026 को अपने पूरे परिवार के साथ देहरादून कमाने गई हुई थीं तथा दिनांक 21 अक्टूबर 2026 को जब वह देहरादून से वापस अपने घर धौबोली पहुंचीं, तो उन्होंने देखा कि उनके घर सारा सामान बिखरा पड़ा था।

इस संबंध में वादिनी प्रेमाशीला देवी के लिखित आवेदन के आधार पर जजुआर ओ0पी0 (कटरा थाना) कांड संख्या-277/26 दर्ज कर जॉच एवं अनुसंधान प्रारंभ किया गया। इसी क्रम में जजुआर पुलिस टीम को दिनांक -27 अक्टूबर को आसूचना संकलन के आधार पर अभियुक्त लालबाबु कुमार, थाना-जजुआर ओ0पी0, जिला-मुजफ्फरपुर को गिरफ्तार किया गया तथा चोरी हुए चाँदी का हंसुली आभूषण भी बरामद किया गया है। इस मामले में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

Public Health Engineering Department
Public Health Engineering Division, Biharsharif
SHORT TERM TENDER NIT No –15 /DB&OM(Retender)
National Competitive Bidding
(Through e-procurement mode on www.eproc2.bihar.gov.in)

1	Designation and Address of Advertiser	Executive Engineer, P. H. Division, Biharsharif
2	Date of issue of Tender Notice	26.10.2026
3	Period of sale (downloading) of tender Bid Document	09.11.2026 to 14.11.2026 up to 15:00 Hrs. through www.eproc2.bihar.gov.in
4	Date, time & place of pre-bid meeting	13.11.2026 at 12:00 hrs in the Office of Executive Engineer of concerned P. H. Division
5	Last date and time of receipt (uploading) of tender	17.11.2026 up to 15:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in
6	Date and time of opening of technical bid	17.11.2026 at 15:30Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in
7	Date and time of opening of financial bid	To be informed later after the approval of technical bid.

8. Details of works:

Group No	Name of Work	Estimated Cost (in Lakh)	Amount of Earnest Money (in Lakh)	Cost of Tender Document (non-refundable) in Rs.	BSEDC Bid Processing Fee (in Rs.)	Completion Period (in months)
1	2	3	4	5	6	7
1.	Scheme for strengthen of Bhui SVS & 3 WLS Scheme (ward no. 1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,&11) in Bhui Panchayat of using treated water of Silao MVS Phase-1 under P.H. Division, Biharsharif	487.587	9.752	10000.00	5900.00	6

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**
PR- 014346 (PHED) 2026-27
Executive Engineer
Public Health Division, Biharsharif
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

रबी महाभियान पर लगा उपादान वितरण शिविर

साहेबगंज (आससे)। आत्मा के सौजन्य से ई किसान भवन परिसर में प्रखंड स्तरीय बासंतिक रबी महाअभियान 2026 सह उपादान वितरण शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया । आयोजक द्वारा किसानों के लिए समुचित व्यवस्था नहीं किए जाने से किसानों में उदासीनता देखी गई । कृषि विज्ञान केंद्र



सरैया के कृषि वैज्ञानिक डॉ रजनीश सिंह ने किसानों को खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी । मौके पर 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष मणि रौशन सिंह ,भाजपा नेता राम नरेश मालाकार ,रामेश्वर पटेल ,हरेंद्र प्रसाद ,विद्यासागर ,सुशील कुमार ,विजय कुमार प्रभात सहित अन्य उपस्थित थे ।

रामदयाल सिंह महाविद्यालय में विभाजन को लेकर फिल्म और साहित्य पर चर्चा



मुजफ्फरपुर। रामदयालु सिंह महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा सेमिनार हॉल में 'पार्टीशन' फिल्म एंड लिटरेचर विषय पर पैनल डिस्कशन आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संजय सुमन द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम से हुई। अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष डॉ अमर ज्योति रंजन ने सभी का स्वागत किया और विषय प्रवेश कराया। विशिष्ट वक्ता रामेश्वर सिंह महाविद्यालय के अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष डॉ उपेंद्र गामी ने बताया कि फिल्म और साहित्य एक दूसरे के पूरक हैं। कई फिल्में प्रसिद्ध साहित्य पर बनाई गई है। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो रमेश गुप्ता ने अपने वक्तव्य में बताया कि विभाजन में सबसे ज्यादा प्रताड़ित औरतें और बच्चे हुए हैं। विभाजन का विषय आज भी उतना ही प्रासंगिक है और उसपे कई फिल्में अभी भी बन रही हैं। राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ रजनीकांत पांडे ने अमृता प्रीतम की पुस्तक पिंजर का उल्लेख करते हुए विस्थापन , नागरिकता और स्त्री अस्मिता की बात कही। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में प्रो संजय सुमन ने सबकी प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में क्रिटिकल थिंकिंग को बढ़ावा देते हैं।

साहित्य में शब्दों के माध्यम से दर्द को उड़ेला गया है और फिल्म में उसको दर्शाया गया है। इस अवसर पर पीजी सेमेस्टर द्वितीय की सृजल, खुशी, सोनाक्षी, अमीषा, संजना, सायमा , हिमांशु, उज्ज्वल, रजनीश, अनिल, उत्सव आदि छात्र छात्राओं ने टैगोर की घरे बायरे, ई एम फोस्टर की ए पैसेज टू इंडिया, खुशवंत सिंह की ट्रेन टू पाकिस्तान, गुलज़ार की रावी पार, मंटो की टोबा टेक सिंह आदि कई कहानियों और उसके फिल्मांकन पर अपनी पीपीटी द्वारा प्रस्तुतियां दी। धन्यवाद ज्ञापन अंग्रेजी की सहायक प्राध्यापक एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ आरती कुमारी ने किया। पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन यूजी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अपूर्वा प्रियदर्शिनी ने किया। उक्त अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ पंकज तिवारी, डॉ बिंदु, डॉ अमृता और बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

मोतियाबिंद एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन



औराई (आससे)। एक्शन एड एवं विवेकानंद नेत्रालय, रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, मुजफ्फरपुर के संयुक्त तत्वावधान में मोतियाबिंद एवं नेत्र जांच शिविर मातृसदन कोरियाही औराई में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन सौरव कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक एक्शन एड, सुरेन्द्र कुमार, अध्यक्ष मुजफ्फरपुर विकास मंडल, संजीव कुमार, सहमंत्री, मुजफ्फरपुर विकास मंडल, गोपाल शाही, प्रियरंजन साहू , प्रभात कुमार, प्रभाष साहू , कृष्ण कांत शाही के द्वारा किया गया। विवेकानंद नेत्रालय से गोपाल जी, डॉ सचिन कुमार, अरसद,धीरज कुमार ने शिविर में पहुंच कर लोगों के आंखों की जांच कर उन्हें उचित सलाह दी।

नेत्र जांच शिविर में औराई प्रखंड के विभिन्न गांवों के 90 महिला -पुरुषों एवं बच्चों ने अपने आंखों का जांच करवाएं। उन्हें मुफ्त में दवाई दी गई साथ हीं जरुरतमंदों को रियायती दर पर चश्मा प्रदान किया गया।

कुछ मरीजों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए सुझाव दिया गया। कुछ गंभीर मरीजों को आगे के इलाज के लिए सेवाश्रम के लिए रेफर किया गया। मौके पर एक्शन एड के प्रोग्राम ऑफिसर, मो0 इकराम, मानवाधिकार रक्षक अरविन्द कुमार, राजगीर कुमार, रामसुंदर राम एवं राकेश कुमार रिसेप्शन से लेकर शिविरार्थियों के सहयोग में लगे थे।

नरेन्द्र सिंह की जीत पर विधायक ने दी बधाई

साहेबगंज (आससे)। तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एन डी ए के भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र प्रसाद सिंह के एम एल सी के पद पर विजयी होने पर साहेबगंज प्रखंड के एन डी ए समर्थकों ने बधाई दी है । बधाई देने वालों में विधायक डा राजू कुमार सिंह ,प्रमुख पूजा सिंह ,प्रमुख पति विकेश सिंह ,भाजपा नेता राम नरेश मालाकार ,जिप ई राजेश सहनी ,मणि रौशन सिंह ,ध्रुव प्रसाद ,रामेश्वर पटेल ,मुरारी मिश्रा ,महेश्वरी सिंह ,रंजू सिंह ,श्रवण अग्रवाल ,सोनू सिंह ,साहिंद्र पासवान ,माधव मिश्रा सहित अन्य लोग शामिल है।

शिक्षक संघ ने जीत पर ब्रजवासी को दी बधाई

साहेबगंज (आससे)। तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से लगातार दूसरी बार निवर्तमान एम एल सी वंशीधर ब्रजवासी के जीत हासिल करने पर परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ साहेबगंज ने बधाई दी है ।बधाई देने वालों में मेराजुल हक साबरी ,नीलम संजीव नीलम ,देवेश्वरचंद्र भास्कर ,रामसहाय ,रमाकांत ,मनोज कुमार ,अमित कुमार ,फोर्ड , मनौव्वर आलम ,शशिकपूर ,नीलम कुमारी ,पिंकी कुमारी ,इरफान ,उमाशंकर यादव ,सुदामा कुमार ,उमेश कुमार ,सुनील महतो ,अर्चना कुमारी सहित अन्य शिक्षक शामिल हैं ।

वैशाली भवन प्रमण्डल, हाजीपुर
केवल ई0 निविदा द्वितीय पद्धति के अनुसार बेबसाईट
एवं www.eproc2.bihar.gov.in पर
अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :–10/2026–27

1.	विज्ञापन दाता का नाम एवं पता	:– कार्यपालक अभियंता, वैशाली भवन प्रमण्डल, हाजीपुर।
2.	निविदा आमंत्रण की तिथि	:– 23.10.2026
3.	परिमाण विपत्र (डाउनलोड करने) एवं निविदा जमा करने (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय	:– दिनांक–03.11.2026 से दिनांक–25.11.2026 को 3:00 बजे अप0 तक
4.	निविदा खोलने (तकनीकी बीड) की तिथि एवं समय	:– दिनांक–26.11.2026 को 3:30 बजे अपराह्न तक
5.	वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय	:– तकनीकी बीड मूल्यांकन के पश्चात
6.	प्रीबीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान	:– (1)दिनांक–12.11.2026 के 3:00 बजे अपराह्न मे अधीक्षण अभियंता, का कार्यालय, भवन अंचल, मुजफ्फरपुर।
7.	परिमाण विपत्र की बिक्री स्थान	:– वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in**
8.	निविदा प्राप्ति का स्थान	:– वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in**
9.	निविदा वैधता की तिथि	:– 120 दिन।
10.	कार्य की विवरणी:–	

क्र0 सं0	कार्य का नाम	परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	ई–निविदा प्रोसेसिंग चार्ज का मूल्य(रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	नयी और पुरानी व्यवहार न्यायालय, वैशाली, हाजीपुर के चारो तरफ Concertin Wire के साथ पहारदिवारी की उँचीकरण एवं संतरी पोस्ट का निर्माण कार्य।	51,12,750.00	1,02,300.00	10,000.00	eproc2 वेबसाईट के अनुसार	04 माह

11 इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का शुद्धि पत्र वेवसाइट पर www.eproc2.bihar.gov.in पर ही संसूचित किया जायेगा।
12. निविदा केवल ई–निविदा पद्धति के अनुसार बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर निष्पादित किया जाएगा। ई–निविदा प्रक्रिया से संबंधित जानकारी **Toll Free No. 18005726571** एवं **Email Id: eproc2support@bihar.gov.in** पर कार्य दिवसों में प्राप्त की जा सकती है।
13. विस्तृत जानकारी हेतु **www.state.bihar.gov.in/prdbihar or www.eproc2.bihar.gov.in** पर देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता
वैशाली भवन प्रमंडल, हाजीपुर
PR- 014349 (BCD) 2026-27
उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** से भी प्राप्त की जा सकती है।
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

स्कॉर्पियो चोरी करने वाला कुख्यात मुन्ना सहयोगी के साथ वैशाली से गिरफ्तार

सीसी कैमरे से हुई थी पहचान

मुजफ्फरपुर। सदर थाना क्षेत्र के गणेश दत्त नगर में घर के सामने चारदीवारी के अंदर से स्कॉर्पियो चोरी करने के मामले में पुलिस ने कुख्यात वाहन चोर अंजय कुमार उर्फ मुन्ना स्कॉर्पियो और उसके सहयोगी दिनेश सिंह को गिरफ्तार किया है। दोनों को वैशाली जिले के सहदेई थाना क्षेत्र से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, दोनों किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। इससे पहले ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

सदर थाना प्रभारी नवलेश कुमार आजाद के अनुसार, पारू थाना क्षेत्र के फुलवरिया निवासी संजय कुमार सिंह गणेश दत्त नगर में अस्थायी रूप से रहते हैं। 28 जुलाई 2026 की सुबह करीब 3:30 बजे उनकी स्कॉर्पियो घर के सामने बनी चारदीवारी के अंदर से चोरी हो गई थी। उन्होंने सदर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी।जांच के दौरान घर के बगल में स्थित स्कूल में लगे सीसी कैमरे की फुटेज में दो संदिग्ध चारदीवारी फांदकर अंदर आते दिखे। दोनों ने स्कॉर्पियो का बोनट खोलकर कुछ किया और फिर गेट खोलकर गाड़ी में बैठ गए। इसके बाद गाड़ी को बैक कर रेवा रोड की ओर लेकर फरार हो गए। फुटेज के आधार पर पुलिस ने अंजय कुमार उर्फ मुन्ना स्कॉर्पियो की पहचान की और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू की पुलिस के अनुसार, मुन्ना स्कॉर्पियो वैशाली जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के अगरपुर, नुनुबाबू चौक का रहने वाला है। वह वैशाली के विभिन्न थानों से चार बार और मुजफ्फरपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से छह बार वाहन चोरी के मामलों में जेल जा चुका है। उसका बेटा भी इस मामले में पहले गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है। वहीं, दिनेश सिंह पूर्व में ट्रक चोरी के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस के मुताबिक, दोनों स्कॉर्पियो चोरी कर आरा, असम और नेपाल में बेच देते थे। दोनों से पूछताछ कर वाहन चोरी से जुड़े अन्य मामलों में उनकी संलिप्तता की जानकारी जुटाई जा रही है।

विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, दो फरार

सरैया (आससे)। पारु पुलिस ने मंगलवार की देर रात थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया । थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि रघुनाथपुर गांव निवासी शेखर कुमार अपने घर में शराब की खरीद बिक्री कर रहा । पुलिस पहुंची तो पुलिस वाहन को देखकर भागने लगा जहां उसे खदेड़ कर पकड़ लिया गया द्य वही उसके घर का तलाशी लेने पर उसके घर से 18 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई । वही दूसरी ओर पारु चौक से वहदीनपुर जाने वाली पक्की सड़क के नाले में पारु दर्जी टोला निवासी सह तस्कर विक्रम कुमार और वहदीनपुर गांव के तस्कर सुभाष कुमार शराब ख़रीदबिक्री कर रहा था । पुलिस वाहन को देखकर दोनों तस्कर अंधेरे और घना बस्ती का फायदा उठाते फरार हो गया । वही मौके से 30 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया है ।

किसानों के बीच तोरी बीज वितरित

साहेबगंज (आससे)। साहिबगंज किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (एफपीओ) की ओर से बुधवार को सीएन कॉलेज कॉलोनी स्थित प्रीमियर एजुकेशन प्वाइंट विद्यालय परिसर में 65 किसानों के बीच 'राजेंद्र सुफलाम' तोड़ी बीज का मुफ्त वितरण कृषि विज्ञान केंद्र, सरैया के वैज्ञानिक डॉ. रजनीश सिंह



ने किया । उन्होंने कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों और वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी देते हुए उन्नत खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर एफपीओ के अध्यक्ष सुशील कुमार, निदेशक जितेंद्र कुमार और लोजपा प्रखंड अध्यक्ष सहिंद्र पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग

सरैया (आससे)। पारू थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में बुधवार को बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग से एक घर समेत हजारों की संपति जलकर राख हो गए । उधर अग्निशमन टीम पहुंच आग पर काबू पाया । जानकारी हो गांव निवासी सुबोध बैठा के घर मे बुधवार को बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने से करीब 50 हजार रुपये की संपति जलकर राख हो गया ।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक) का कार्यालय
सिंचाई यॉंत्रिक प्रमंडल, वीरपुर
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :–01SBD/2026-27
(राष्ट्रीय/राजकीय स्पर्द्धा)
(केवल –ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.inपर)
(प्रतिशत दर निविदा)

1– कार्य की विवरणी

क्रं0	कार्य की विवरणी	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (लाख में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	बेल्ट्रॉन को देय प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यार्पणीय) (केवल ऑनलाईन मोड में भुगतेय (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	Repair and Maintenance work of the canal gates and other components of Mechanical Structures located at various points along the Western Koshi Main Canal 0.35km. and between the 0.4km. And 33.79 km. of the Western Koshi Main Canal (Nepal Portion) under the Jurisdiction of the Chief Engineer (Irrigation Creation), Darbhanga and the Irrigation Mechanical Division, Birpur.	495.23964	9.91	10,000.00	11,800.00	2 माह

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि :– दिनांक 23.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि :– दिनांक 17.11.2026 से 25.11.2026 के अपराहण 3.00 बजे तक। (www.eproc2.bihar.gov.in)
4. प्री–बिड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि :– दिनांक 23.11.2026 के 3.00 बजे अपराहन में, मुख्य अभियंता (यॉंत्रिक), जल संसाधन विभाग, पटना।
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 25.11.2026 को समय 3.30 बजे अप0 तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय :– तकनीकी बीड की स्वीकृति के बाद अलग से सूचना दी जायेगी। (www.eproc2.bihar.gov.in)
7. निविदा खोलने का स्थान :– (www.eproc2.bihar.gov.in) पर
8. निविदा की वैधता अवधि :– 120 दिन
9. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक), सिंचाई यॉंत्रिक प्रमंडल, वीरपुर।
10. ई–निविदा मात्र (www.eproc2.bihar.gov.in) पर डाउनलोड एवं अपलोड किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 014361 (WRD) 2026-27
कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक),
सिंचाई यॉंत्रिक प्रमंडल, वीरपुर
Mob. No.-8210141033
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

मणिकर्णिका युवती सम्मेलन में छात्राओं को राष्ट्रीय हित में कार्य करने को प्रेरित किया

मुजफ्फरपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की महानगर इकाई के द्वारा बुधवार को रामवृक्ष बेनीपुरी महाविद्यालय में मणिकर्णिका युवती सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में 215 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं की भूमिका विकसित राष्ट्र में कैसा होना चाहिए इसको लेकर यह सम्मेलन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज की प्राचार्य प्रो. मधु सिंह ने कहा कि छात्राओं को राष्ट्रीय हित में कार्य करने की आवश्यकता है जिससे राष्ट्र परम वैभव को प्राप्त कर सके । अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ ममता कुमारी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि छात्राओं को पर्यावरण से लेकर अपने स्वास्थ्य को लेकर सजग होकर कार्य करने की आवश्यकता है एक स्वस्थ नागरिक हैं स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकता है जिस तरह से आज विभिन्न तरह की बीमारी ने लोगों को ग्रसित कर रहा है उससे बचने के लिए शोध परक कार्य करने की आवश्यकता है इस कार्य में आज की नवयुवती ही बढ़ चढ़कर भाग ले सकती है। अभाविप उत्तर बिहार प्रांत के छात्रा प्रमुख प्रोफेसर आभा रानी ने कहा कि छात्राओं को मणिकर्णिका बनने की आवश्यकता है न कि कॉकरोच। युवतियों को स्वयं शिक्षित होकर अपने समाज से लेकर राज्य में शैक्षणिक गतिविधि बढ़ाना चाहिए जिससे राष्ट्रीय स्तर पर बिहार में भी शिक्षा का स्तर उच्च हो सके इस कार्य के लिए आज के नवयुवकों को आगे आकर समाज को नई दिशा दिखाने की आवश्यकता है। राज्य विश्वविद्यालय सह संयोजक संजना वत्स ने मंच संचालन व धन्यवाद ज्ञापन किया।



मध्याह्न भोजन में कीड़ा मिलने पर बच्चों के परिजनों ने किया हंगामा

सरैया (आससे)। प्रखंड के बहिलवारा रुपनाथ उत्तरी पंचायत के वार्ड संख्या स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 192 पर बुधवार को बच्चों को दिए गए एमडीएम में कीड़ा मिलने से अफरा तफरी का महसूल बन गया। सूचना मिलते हीं परिजन केंद्र पहुँच हंगामा करने लगे।

हालाकि कुछ बच्चों ने हीं एमडीएम खाया था. लेकिन खाये बच्चे भी सुरक्षित व स्वास्थ्य है. घटना के समय आंगनबाड़ी सेविका रीता देवी अनुपस्थित थी. मौके पर उपस्थित सहायिका मालती देवी ने बताया कि सेविका की तबियत ठीक नहीं रहने द्य2 कारण छुट्टी पर है. लेकिन आज कुछ समय के लिए पर्यवेक्षक के आने पर आई थी,मौके पर उपस्थित बच्चे दिव्या कुमारी, सोनू कुमार, अनुष्का कुमारी, ऋषभ कुमार, शिवा कुमार आदि ने बताया की बुधवार को चावल और सोयाबीन की सब्जी बनी थी. सोयाबीन ख़राब होने के कारण काफ़ी मात्रा में उसमे छोटे चोटे कीड़े थे.

सहायिका द्वारा खाना दिए जाने पर कीड़ा दिखाई पड़ने पर इसकी सूचना घर वालो को दिया. वहीं मौके पर पहुंचे परिजन सुनैना देवी, सिंधु देवी आदि ने बताया कि इस आंगनबाड़ी केंद्र पर कभी भी खाना ठीक और मेनू के अनुसार नहीं दिया जाता है.जिस दिन खाना नहीं बनता है, उस दिन दो दो बिस्किट दिया जाता है. कभी चुरा भी दिया जाता है, जिसमे भी कीड़ा रहता है. बहुत बार शिकायत करने के बाद भी कोई सुधार नहीं है.

वहीं गुणवता पूर्ण एमडीएम देने की बात पर बताया जाता है कि ऑफिस में हीं बहुत पैसा ले लिया जाता है. हमलोग कहाँ से देंगें.साथ हीं बताया कि बच्चों को केवल फ़ोटो खींचने के समय स्लेट दिया जाता है. उसके बाद बच्चों से लेकर फिर रख लिया जाता है,मामले में दूरभाष द्वारा फोन पर सीडीपीओ से पूछे जाने पर फोन नहीं उठाया गया।

सड़क दुर्घटना में युवक जख्मी

साहेबगंज (आससे)। साहेबगंज प्रखंड क्षेत्र के सोमगढ़ चौक पर बाइक सवार एक युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। घायल युवक साहेबगंज प्रखंड के सेमरा निजामत, वार्ड संख्या 10,निवासी जलेश्वर पासवान के 28 वर्षीय पुत्र रंजीत पासवान है जो अपनी बहन के घर मोतीपुर पुरानी बाजार जा रहा था ।

इसी दौरान सोमगढ़ चौक पर अचानक गाड़ी में ब्रेक लगा देने से उसका दुर्घटनाग्रस्त हो गया और घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, साहेबगंज पहुंचाया। वहां उनका उपचार कराया गया।